nt>

Title: Need to declare Babadham Devghar, Boskinath and Sultanganj as tourist centres in Bihar.

श्री प्रभाष चन्द्र तिवारी (भागलपुर): महोदय, मैं भागलपुर संसदीय क्षेत्र से आता हूं। वहां के सुल्तानगंज में बहुत बड़ा मेला लगता है जिस में हर वर्ष ५०-६० लाख लोग सावन महीने में जल लेकर देवघर बाबाधाम जाते हैं लेकिन बिहार सरकार की तरफ से वहां कोई प्रबन्ध नहीं है। वहां पानी, बिजली और टॉयलट की व्य वस्था नहीं है। वहां ५० हजार कांवरिये फंसे हैं क्योंकि पुरैनी पुल टूट गया है। वहां बाढ़ आ गई है और सैंकड़ों गांव पानी में डूब गए हैं। भागलपुर से दक्षिण बिहार और कलकत्ता का सम्पर्क टूट गया है। वहां आने-जाने का कोई रास्ता नहीं रहा है। मेरा आग्रह है कि सुल्तानगंज को पर्यटन स्थल और इस मेले को राष्ट्रीय मेला घोषित किया जाए। वहां के स्टेशन को जहानवी नगर स्टेशन भी घोषित किया जाए। साथ ही बाबाधाम देवघर और बौसकीनाथ को पर्यटन स्थल घोषित किया जाए।